पश्चिमी त्रिपुरा संपूर्ण स्वच्छता के मार्ग पर

पश्चिमी त्रिपुरा जिला कैलेन्डर वर्ष 2004 के भीतर संपूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत पूर्ण कवरेज के मार्ग पर है। प्रथम चरण में, डीडब्ल्यूएसएम ने आधारभूत स्वच्छता, साफ-सफाई और पक्के शौचालयों के उपयोग और मानव संसाधन विकास गतिविधियों, जैसे बिठाव प्लेटों आदि के डिजाइन में मिस्त्रियों का प्रशिक्षण करने जैसी गतिविधियों के बारे में जागरूकता सृजन करने हेतु आईईसी गतिविधियों पर ज्यादा बल दिया है। इन गतिविधियों की टीएससी कार्यक्रम में लगभग तीन महीनों की अवधि हेतु केन्द्रीय भूमिका होने से कम ऊंचाई वाले प्लेटों का उत्पादन और वितरण का काम अक्टूबर, 2003 माह में शीघ्र ही शुरू हुआ।

इस समय तक जिलों ने (ग्राम पंचायतों) पांच से ज्यादा गाँवों को पहले ही शामिल किया है। पश्चिमी त्रिपुरा में चार ब्लाकों अप्रैल 2004 तक पूर्णत: कवर हो जाने की उम्मीद है, और अन्य तीन ब्लॉक जुलाई 2004 तक एवं संपूर्ण जिला दिसंबर 2004 तक कवर होने की उम्मीद है। यह डीडब्ल्यूएसएम का प्रयास है कि इस अवधि से पूर्व सभी स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों और सभी वैयक्तिक परिवारों को कवर किया जाए जो कि जिले के आकार और लगभग 16 लाख की उसकी आबादी पर विचार करते हुए किसी उपलब्धि से कम नहीं होगा।